Reg. No..................................

Name.....................................

S.U. 3578

M.A. DEGREE HINDI ENTRANCE EXAMINATION, MAY 2022

Time : Two Hours | Maximum Marks : 100

I.एक दो शब्दों में उत्तर लिखिए । (15x2=30 Marks)

1. आलम , बोधा और ठाकुर किस काल के कवि थे ?
2. जायसी की काव्य भाषा कौन सी है ?
3. चन्दवरदाई ने किस राजा पर काव्य रचा ?
4. ' कुरुक्षेत्र' किसकी रचना है?
5. ' झूटा सच' उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया है ?
6. ' अन्धेर नगरी' किस विधा की रचना है
7. महादेवी वर्मा, अनामिका ,निर्मला पूतूल-- इनमें किसको ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है?
8. शृंगार रस का स्थायी भाव क्या है?
9. संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत संघ की राजभाषा के संबंध में प्रावधान किया गया है।
10. कबीर की रचनाएं किस शीर्षक से संकलित हैं?
11. श्री लाल शुक्ल, रामचन्द्र शुक्ल, विनोद कुमार शुक्ल --इनमें से किसने हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा है?
12. 'माधवी' किसका नाटक है ?
13. ओमप्रकाश बाल्मीकि की आत्मकथा का शीर्षक क्या है ?
14 तार सप्तक के एक कवि का नाम लिखिए ?
15.अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ का प्रथम अधिवेशन किसकी अध्यक्षता में हुआ?

II. कोष्टक में दिए निर्देशानुसार लिखिए। (5x2=10 Marks)

1. प्रेमचन्द ने 'गोदान' शीर्षक उपन्यास लिखा । (कर्मवाच्य में लिखिए)
2. हम अपनी पढाई कालडी में पूरी करेंगे। (सामन्य भूतकाल)
3. Imprisonment (समानार्थी हिन्दी शब्द लिखिए)
4. अधिवक्ता (समानार्थी अंग्रेज़ी शब्द लिखिए)
5. ' 56' (शब्दों में लिखिए)

III. किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए।(4x10=40 Marks)

1. मीरा बाई
2. छायावाद
3. अपनी पढी हुई एक कहानी की समीक्षा
4. स्त्री कविता
5. पढे हुए किसी उपन्यास की आलोचना
6. मोहन राकेश के नाटक

IV. किसी एक विषय पर लेख लिखिए। (1x20=20 Marks)

1. भारतीय किसानों की समस्याएँ
2. निजीकरण और बाजारीकरण
3. 'कितना बदला है सिनेमा, कितना बदला समाज'
4. हमारा प्रदेश और वर्तमान समय